डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया



# आधुनिक समाचार

हिन्दी साप्ताहिक    संस्थापकः- श्री महेन्द्र अरोरा

वर्ष-12 अंक-02    प्रयागराज, रविवार 08 जनवरी 2023 से शनिवार 14 जनवरी 2023 तक    पृष्ठ- 8    मूल्य: 3 रूपये

सिनेमा:-टीवी की पॉपुलर बहू बनने वाली है पहली फाइनलिस्ट पेज.नं0-08

## संक्षिप्त समाचार

### आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये देने का किया ऐलान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अमरावती ।** आंध्र प्रदेश के गुंटूर में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री और तेलगू देशम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू के कार्यक्रम में फिर भगदड़ मच गई। इस घटना में तीन महिलाओं की मौत हो गई। यह भगदड़ नायडू द्वारा आयोजित संक्रांति उपहार वितरण कार्यक्रम



में हुई। इसमें 13 अन्य घायल भी हुए हैं। चार दिनों के अंदर यह दूसरी बार है, जब उनके कार्यक्रम में लोगों की जान गई है। कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद नायडू वहां से चले गए थे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू के कार्यक्रम में फिर भगदड़ मच गई। इस घटना में तीन महिलाओं की मौत हो गई। यह भगदड़ नायडू द्वारा आयोजित संक्रांति उपहार वितरण कार्यक्रम में हुई। इसमें 13 अन्य घायल भी हुए हैं। चारइसके बाद भगदड़ मची। उन्होंने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के स्वजनों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। बता दें, नायडू 2024 के विधानसभा चुनावों की तैयारी के लिए राज्यभर में राजनीतिक बैठकें और सभाएं कर रहे हैं।वेप्पुर फायरमैन टीम की मदद से शवों को कार से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया।पुलिस के मुताबिक, 'मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। लेकिन कार आरसी बुक के अनुसार, वाहन चेन्नई के नंगनल्लूर का था। आगे की जांच चल रही है।

## यूपी के निकाय चुनाव में ओबीसी कोटा पर सुप्रीम कोर्ट कल करेगा सुनवाई, एच सी ने दिया था बिना आरक्षण चुनाव कराने का आदेश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट चार जनवरी



को सुनवाई करेगा। सोमवार को शीर्ष कोर्ट ने प्रदेश सरकार की याचिका पर चार जनवरी को सुनवाई करने पर सहमति दे दी। उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने निकाय चुनाव की ड्राफ्ट अधिसूचना रद कर दी थी और राज्य सरकार को ओबीसी आरक्षण लागू किए बगैर स्थानीय निकाय के चुनाव कराने का आदेश दिया था सोमवार को सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष प्रदेश सरकार की याचिका का जिक्र करते हुए मामले पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया। मेहता ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण लागू किए बगैर स्थानीय निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया है। ऐसे में कोर्ट मामले पर जल्द सुनवाई करे। पीठ ने मेहता के अनुरोध पर संज्ञान लेते हुए मामले पर चार जनवरी को सुनवाई पर लगाने की सहमति दे दी उत्तर प्रदेश सरकार ने याचिका में इलाहाबाद हाई कोर्ट के गत 27 दिसंबर के आदेश को चुनौती देते हुए कहा है कि हाई कोर्ट का ड्राफ्ट अधिसूचना रद करने का फैसला सही नहीं है। उस अधिसूचना में उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय चुनाव में सीटों पर ओबीसी आरक्षण भी लागू किया गया था, लेकिन हाई कोर्ट ने ट्रिपल टेस्ट लागू किए बगैर स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण लागू करने को सही नहीं माना था।

## 7 दिन में बेकाबू हुआ कोरोना, दुनिया भर में 30 लाख से अधिक केस मिले 10 हजार लोगों ने गवाई जान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** दो साल के बाद भी दुनिया भर में कोरोना संक्रमण के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। न्यू ईयर से पहले चीन में संक्रमण के मामलों में तेजी देखने को मिली। वहीं, न्यू लोगों ने कोरोना से जान गवाई है। वहीं, 25 लाख (2,634,439) से अधिक लोग कोरोना संक्रमण से ठीक हुए हैं। बता दें कि सबसे ज्यादा संक्रमण के मामले जापान में सामने आए हैं। जापान में पिछले सात दिनों में भी पिछले सात दिनों में डेढ़ लाख (175,730) से अधिक मामले मिले हैं, जबकि यहां 186 लोगों की मौतें हुई हैं। वहीं, ब्राजील में 169,423 केस मिले हैं और 1,015 मौतें हुई है। इसके अलावा हांगकांग में



ईयर वीक में दुनिया भर के दूसरे देशों में भी कोरोना के मामले लगातार बढ़ने लगे। जानकारी के अनुसार, पिछले सात दिनों में लगभग 30 लाख से अधिक मामले दुनियाभर के देशों में दर्ज किए गए हैं। वर्ल्डमीटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले सात दिनों में दुनिया भर में कोरोना संक्रमण के मामलों में इजाफा हुआ है। पिछले सात दिनों में कोरोना संक्रमण के 30 लाख (2,950,720) मामले मिले हैं। जबकि लगभग 10 हजार (9,535) में कोरोना के 10 लाख (1,030,572) केस मिले हैं। जबकि 2,179 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा साउथ कोरिया में भी कोरोना के केसों में वृद्धि देखने को मिली है। यहां पिछले सात दिनों में 4 लाख (454,935) से अधिक केस मिले हैं और 440 लोगों की मौत हुई। वर्ल्डमीटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, संयुक्त राज्य अमेरिका में डेढ़ लाख (179,145) से अधिक केस मिले हैं और 1,103 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा ताइवान 165,014 केस, जर्मनी में 157,928 केस, फ्रांस में 144,401 केस, इटली में 62,700 और अर्जेंटिना में 62,193 मामले मिले हैं। बता दें कि पिछले सात दिनों में भारत में कोरोना संक्रमण के 1,550 केस मिले हैं। जबकि यहां 11 लोगों की मौत हुई है। वहीं, रूस में 37,804 केस सामने आए हैं और 372 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा चीन में 37,149 केस पिछले सात दिनों के दौरान मिले हैं। यहां 9 लोगों ने अपनी जान गवाई है।

## 'समलैंगिक' कहने पर पिता-पुत्र ने ड्राइवर को उतारा मौत के घाट, शव को एक्सप्रेसवे पर फेंका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नूंह।** हरियाणा की नूंह पुलिस ने सोमवार को एक ड्राइवर की हत्या करने और उसके शव को केएमपी एक्सप्रेसवे के पास फेंकने के आरोप में एक व्यक्ति और उसके बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान हिसार के कांवरी गांव निवासी सुरेश कुमार और उसके बेटे राज कुमार के रूप में हुई



है। सुरेश ने अपना अपराध कबूल कर लिया और पुलिस को बताया कि उसने अपने बेटे के साथ ड्राइवर को मार डाला, क्योंकि उसने उसे 'समलैंगिक' कहा था। दोनों को रविवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा के अजीजपुर गांव से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि दोनों को एक अदालत में पेश किया गया, जिसके बाद उन्हें दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, 29 दिसंबर को केएमपी एक्सप्रेस-वे से सटे घुसपैठी गांव के पास एक व्यक्ति का शव लावारिस हालत में मिला था। मृतक की पहचान भिवानी जिले के बिरही खुर्द गांव के निवासी सोमबीर (35) के रूप में हुई है। सोमबीर और सुरेश कुमार गुरुग्राम में एक निजी कंपनी में ड्राइवर के तौर पर काम करते थे। पुलिस ने बताया कि सुरेश ने खुलासा किया कि जब उसने किसी दूसरी कंपनी में काम करना शुरू किया, तब भी सोमबीर उसे बदनाम करता रहा। इसके बाद उसने अपने बेटे राज के साथ मिलकर सोमबीर को खत्म करने की योजना बनाई। 28 दिसंबर को पिता-पुत्र सोमबीर को जबरदस्ती वाहन में बिठाकर ले गए। गला घोंट कर की हत्या पुलिस ने कहा कि उन्होंने सोमबीर को पत्थरों से मारा और बाद में उसका गला घोंट दिया और शव को फेंक कर फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के चाचा की शिकायत पर सदर तौरु थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## बर्ड फ्लू का टीका तैयार करने में आईसीएआर को मिली सफलता, कामर्शियल उत्पादन में लगेंगे चार महीने

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बर्ड फ्लू जैसे वायरल संक्रामक रोग से पॉल्ट्री किसानों और उद्योग को सालाना हजारों करोड़ के होने वाले नुकसान को रोकने वाला घरेलू टीका तैयार करने में सफलता फ्लू का यह टीका एच9एन2 लो पैथाजेनिक वायरस के लिए तैयार किया गया है। नए टीके से बर्ड फ्लू के हर साल भारी नुकसान उठाने वाले पॉल्ट्री उद्योग और किसानों को भारी राहत मिलेगी। डीडीजी त्रिपाठी ने



मिली है। आइसीएआर के भोपाल स्थित अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों के बनाए इस टीके का कामर्शियल उत्पादन अगले तीन महीने में शुरु हो जाएगा। पशुधन विकास व चिकित्सा उप महानिदेशक (डीडीजी) डॉक्टर बीएन त्रिपाठी ने बताया कि स्वेदशी टीके से पॉल्ट्री उद्योग को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि बर्ड बताया कि बर्ड फ्लू जैसी बीमारी से मुर्गी पालक किसानों और पॉल्ट्री उद्योग को हर साल बहुत नुकसान उठाना पड़ता है। जहां भी इसका प्रकोप होता है, वहां के लगभग एक किमी के दायरे की सभी मुर्गियों को नष्ट कर दिया जाता है। 100 फीसद नुकसान से छोटे किसानों का बुरा हाल होता है

## चीन समेत इन देशों से भारत आने वाले यात्री दें ध्यान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत ने कोविड-19 के प्रकोप से बचने के लिए चीन समेत भारी खतरे वाले छह देशों से आने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों



के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट की निगेटिव रिपोर्ट अनिवार्य कर दी है। नई गाइडलाइंस एक जनवरी से लागू कर दी गई हैं और यात्रा से 72 घंटे के अंदर की ही टेस्ट रिपोर्ट को मान्य माना जाएगा सभी यात्रियों पर लागू होंगे नियम केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों को लिखे पत्र में जानकारी दी है कि चीन, सिंगापुर, हांगकांग, कोरिया, थाइलैंड और जापान के लिए दिशा-निर्देशों में तब्दीली की गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के बयान के अनुसार, अगर इन खतरे वाले छह देशों से कोई भी अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट होते हुए भी किसी भी भारतीय एयरपोर्ट पर लैंड करेगी तो यह नियम उस विमान में सवार सभी यात्रियों पर लागू होगा इसी तरह नागरिक उड्डयन मंत्रालय के 'एयर सुविधा' पोर्टल को सभी अंतरराष्ट्रीय फ्लाइटों के यात्रियों के लिए खोला जाएगा ताकि वह अपनी निगेटिव आरटी-पीसीआर टेस्ट रिपोर्ट उस पर ऑनलाइन भेज सकें। साथ ही उन्हें यह रिपोर्ट स्व-घोषणा फार्म के तौर पर भी भरनी होगी। बयान में यह भी कहा गया है कि विदेश से आने वाले दो प्रतिशत यात्रियों की रैंडम टेस्टिंग भी जारी रहेगी। मंत्रालय के नए दिशा-निर्देशों में यह भी कहा गया है कि जिन देशों खासकर चीन, हांगकांग, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और जापान में कोविड-19 के बेतहाशा बढ़ते मामलों को देखते हुए इन देशों से आने वाले सभी यात्रियों को भारत में कदम रखने से पहले आरटी-पीसीआर की निगेटिव रिपोर्ट सौंपनी होगी।

## कुमारस्वामी ने अमित शाह की तुलना हिटलर के सहयोगी से की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**अहमदाबाद।** कर्नाटक में चुनाव से पहले ही जुबानी जंग तेज हो गई है। पूर्व सीएम कुमारस्वामी ने बीते दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की हिटलर के सहयोगी और जर्मनी में



नाजीवाद के प्रचारक जोसेफ गोएबल्स से की। कुमारस्वामी पर पलटवार करते हुए भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने आज कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री के लिए एचडी कुमारस्वामी द्वारा इस्तेमाल किया गया असंसदीय शब्द उनकी राजनीतिक हताशा को दर्शाता है। जेडीएस पार्टी पहले ही संकटग्रस्त पार्टी बन चुकी है और अब चुनाव के बाद कर्नाटक से विलुप्त हो जाएगी। भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा है कि गुजरात विधानसभा चुनाव परिणाम का असर राजस्थान, मध्य प्रदेश, कर्नाटक के चुनाव तथा 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी नजर आएगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने पत्रकारों को बताया कि पिछले 1 साल से युवा मोर्चा की ओर से सुशासन यात्रा निकाली जा रही है।सोमवार एवं मंगलवार 2 दिन गुजरात में सुशासन यात्रा निकाली जाएगी तथा विविध वर्ग के लोगों से मुलाकात कर गुजरात में शिक्षा स्वास्थ्य एवं लोगों की आर्थिक स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इसके लिए युवा मोर्चा के 50 कार्यकर्ताओं की एक टीम तैयार की गई है जो लोगों से मिलकर उनसे विविध मुद्दों पर जानकारी एकत्रित करेगी।

## राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा दंगा प्रभावित क्षेत्रों से गुजरेगी रैली

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा 9 दिनों के ब्रेक के बाद आज फिर शुरू होगी। भारत जोड़ो यात्रा दिल्ली से शुरू होगी और हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के रास्ते जम्मू-कश्मीर की सुबह 10 बजे मंदिर से निकल कर लोहे वाला पुल, शास्त्री पार्क, गांधी नगर, धर्मपुरा, सीलमपुर, एसडीएम कोर्ट चौक, जाफराबाद, मौजपुर, दयालपुर पुलिस स्टेशन, गोकलपुरी चौक होते हुए लोनी बार्डर से गाजियाबाद में प्रवेश करेगी। दोपहर 12 बजे लोनी नगर एडवाइजरी जारी की है। यात्रा को लेकर पोस्टर भी लगाए गए हैं। कांग्रेस के कई कार्यकर्ता दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी की अगुवाई यमुना बाजार में मरघट वाले हनुमान मंदिर पर पहुंचे हैं। हनुमान मंदिर से ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शुरू होगी।



ओर बढ़ेगी। श्रीनगर में लाल चौक पर 30 जनवरी को राहुल गांधी तिरंगा फहराएंगे। जम्मू-कश्मीर में इस यात्रा में फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती भी इसमें शामिल होंगे। भारत जोड़ो यात्रा राजधानी के लालकिले के पास हनुमान मंदिर से शुरू होकर उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में प्रवेश करेगी। यात्रा ट्रांसपोर्ट डिपो में यात्रा के झंडे को उत्तर प्रदेश के कांग्रेसियों को सौंपा जाएगा। राहुल गांधी की यह यात्रा नार्थ-ईस्ट इलाके के दंगा प्रभावित क्षेत्रों से होते हुए यूपी में जाएगी। 2020 में यहां दंगे हुए थे। यात्रा को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी भी जारी की है। दिल्ली के अलावा यूपी पुलिस ने भी राहुल गांधी मंदिर में बजरंग बली के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेंगे। मंदिर के महंत पंडित गौरव शर्मा ने बताया कि राहुल के साथ केवल तीन अन्य नेताओं को आने की इजाजत होगी, ताकि मंगलवार होने के चलते दर्शनार्थियों को परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि राहुल को तिलक लगाने के साथ ही राम नाम का पटका और एक गदा भी भेंट की जाएगी। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और संचार महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी को अखिलेश यादव की लिखी गई चिट्ठी का भाव सकारात्मक है। जहां तक विपक्षी नेताओं के यात्रा में आने की बात है तो समान विचाराधारा वाले कई दलों के नेता ही नहीं अलग-अलग क्षेत्र की हस्तियां इसमें शामिल होंगी। जम्मू-कश्मीर के दो पूर्व मुख्यमंत्री नेशनल कान्फ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने यात्रा में शामिल होने की पुष्टि कर दी है। कन्याकुमारी के गांधी मंडपम से सात सितंबर को शुरू हुई भारत जोड़ो यात्रा 24 दिसंबर को दिल्ली पहुंचने तक 108 दिनों में 3,122 किमी की दूरी तय कर चुकी है। इस दौरान नौ राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 49 जिलों से गुजरते हुए राहुल ने 95 कार्नर मीटिंग, 10 बड़ी रैलियों के साथ 10 प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। साथ ही 20-25 लोगों के अलग-अलग समूह के साथ अब तक 87 संवाद बैठकें इस दौरान की हैं, जबकि चार-पांच लोगों के 200 से अधिक समूहों की यात्रा में भागीदारी हुई जिसमें चर्चित हस्तियां, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता से लेकर पूर्व सैनिक आदि शामिल हैं।



# पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक ने स्टेशनों का किया गहन निरीक्षण,लिया यात्री सुविधाओं का जायजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक चन्द्रवीर रमण ने यात्री सुविधाओं के विस्तार, आधारभूत मण्डल के गोरखपुर-आनन्दनगर-बढ़नी-गोण्डा रेल खण्ड का विण्डों ट्रेलिंग निरीक्षण करने के साथ ही स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं



संरचना के विकास व ट्रेन परिचालन में संरक्षा तथा सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में गुरुवार को प्रमुख मुख्य इंजीनियर रंजन यादव, मुख्य विद्युत लोको इंजीनियर अनुराग गुप्ता, मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक आलोक सिंह, मुख्य प्रोजेक्ट निदेशक (आर.ई.) सुधांशु दुबे एवं मण्डल रेल प्रबन्धक लखनऊ आदित्य कुमार व मण्डल के वरिष्ठ शाखा अधिकारियों के साथ लखनऊ का जायजा लिया। महाप्रबन्धक चंद्र वीर रमण ने अपने निरीक्षण में आनंदनगर स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट, प्रतीक्षालय, विश्रामालय, एक स्टेशन -एक उत्पाद स्टाल, स्टेशन प्लेटफार्म को देखा तथा स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में यात्री परिवाद पंजिका, दुर्घटना पंजिका, अनपेक्षित दुर्घटना पंजिका, स्टेशन मास्टर डायरी, जी.डी.आर. पंजिका, ट्रेन सिगनल रजिस्टर का अवलोकन किया। निरीक्षण के उपरांत संरक्षा तथा सुरक्षा के दृष्टिगत स्टेशन पर उपलब्ध अग्निषमन यंत्र 'फायर एक्स टिंग्विशर' के प्रयोग हेतु उपस्थित स्टेशन मास्टर की तत्परता की संरक्षा जांच की।महाप्रबन्धक ने विण्डों ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान सिद्धार्थनगर स्टेशन पर यात्री प्रतीक्षालय, विश्रामालय, बुकिंग ऑफिस, स्टेशन अधीक्षक कार्यालय तथा सरकुलेटिंग एरिया का निरीक्षण किया महाप्रबंधक रमण ने बढ़नी स्टेशन के प्लेटफार्म, फुटओवर ब्रिज, सरकुलेटिंग एरिया, टिकट आरक्षण कार्यालय, यात्री प्रतीक्षालय व स्टेशन प्लेटफार्मो की सफाई व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था आदि का विस्तृत निरीक्षण किया। इसके साथ ही बढ़नी स्टेशन पर हो रहे विकास कार्यो, निर्माणधीन प्रशासनिक भवन एवं पिट लाइन का निरीक्षण किया व जल्द से जल्द क्रियाशील किए जाने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने बलरामपुर एवं सुभागपुर स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय एवं माल गोदाम साइडिंग का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों से औद्योगिक संस्थाओं से संपर्क स्थापित करने के साथ-साथ यातायात विपणन बढ़ाने का निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने गोंडा स्टेशन पर परिचालनिक संरक्षा के दृष्टिगत गोंडा जं0 स्थित आर.आर.आई. पैनल रूम एवं रिले रूम में यार्ड की परिचालनिक संरचना को देखा तथा सवारी गाड़ी मालगाड़ी के सुगम परिचालन व्यवस्था के बारे में उपस्थित अधिकारियों से चर्चा की उन्होंने स्टेशन स्थित एकीकृत क्रूलाबी में काउंसलिंग' पंजिका,पंजिका, 'साइन आन एवं साइन आफ' पंजिका, 'स्पेड' पंजिका, 'रैण्डम ब्रेथ एनालाइज़र' पंजिका एवं कर्मचारी परिवाद पंजिका का गहन निरीक्षण किया। महाप्रबंधक चंद्र वीर रमण ने एकीकृत क्रू रनिंग रूम को देखा तथा लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर को दी जाने वाली सुविधाओं का जायज़ा लिया। महाप्रबंधक ने अपने निरीक्षण के दौरान उक्त खण्ड के मध्य पड़ने वाले स्टेशन भवन, रेलवे ट्रैक, रेलवे यार्ड, सिग्नल, ओएचई, लेवल क्रॉसिंग गेट्स आदि की स्थिति को देखा। उन्होने संरक्षा एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से रेल कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सर्दी के मौसम में कोहरे के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।रेलपथ के रख-रखाव तथा रेलपथों का अनुरक्षण मानकों के अनुसार बेहतर बनाने तथा विद्युतीकृत क्षेत्र के मानकों के अनुरूप परिचालनिक प्रबंधन, संरक्षा के दृष्टिगत स्टेशनों पर एस.डब्लू.आर. के तहत संरक्षा उपकरणों की लिस्ट अद्यतन करते हुए सभी स्टेशनों पर रखने के साथ साथ उपस्थित अधिकारियों को अपने सुझाव एवं निर्देश दिये।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अफसरों को निर्देश दिया कि कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अफसरों को निर्देश दिया कि कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए। विगत दिनों मॉक ड्रिल में जो भी कमियां मिली हैं, उनमें तत्काल सुधार किया जाए। कोविड काल में कोरोना की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अथवा चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित सभी अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, चिकित्सकीय उपकरणों की क्रियाशीलता, पैरामेडिकल स्टाफ की समुचित उपलब्धता की गहनता से की तैनाती की गई थी। कोविड काल में अपने प्राणों की परवाह न करते हुए इनके द्वारा किया गया दायित्व निर्वहन प्रेरणास्पद है और सेवाभावना सराहनीय है। इन कार्मिकों की इस सेवावधि की भविष्य में होने वाली नियुक्तियों में गणना की जाए। ऐसे कार्मिकों को वरीयता दी जाए। इस



सरकार ने हर जिले में आईसीयू स्थापित किये हैं, उन्हें क्रियाशील रखा जाए। हर आईसीयू में एनेस्थेटिक व अन्य स्पेशलिस्ट चिकित्सकों और टेक्नीशियन की उपलब्धता हो। आक्सीजन प्लांट पर तीन टेक्नीशियन तैनात होने चाहिए। मुख्यमंत्री सोमवार को प्रदेश में परख कर ली जाए। कहीं भी किसी प्रकार की कमी न हो। अस्पतालों द्वारा अपने स्तर पर भी मॉक ड्रिल किया जाए।उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि कोविड काल के पिछले दो-ढाई वर्ष की अवधि में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में अस्थायी तौर पर कार्मिकों संबंध में स्पष्ट नियमावली तैयार की जाए।उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों में बढ़ते कोविड-19 के संक्रमण के बीच उत्तर प्रदेश की स्थिति सामान्य है। दिसंबर माह में 09 लाख 06 हजार से अधिक टेस्ट किए गए, जिसमें 103 केस की पुष्टि हुई। इस अवधि में प्रदेश की पॉजिटिविटी दर 0.01ज्ञ् दर्ज की गई। वर्तमान में प्रदेश में कुल 49 एक्टिव केस हैं। विगत 24 घंटों में 42 हजार से अधिक टेस्ट किए गए। यह समय सतर्क और सावधान रहने का है।उत्तर प्रदेश सर्वाधिक कोविड वैक्सीनेशन करने वाला राज्य है। वर्तमान में प्रदेश में 11 लाख से अधिक डोज उपलब्ध है। मांग के अनुरूप वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता के लिए भारत सरकार से सतत संपर्क बनाए रखा जाए। कोविड संक्रमण से बचाव में टीके की उपयोगिता स्वयंसिद्ध है। प्रीकॉशन डोज लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। इसमें तेजी की आवश्यकता है।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संभव है आने वाले कुछ दिनों में नए केस में बढ़ोतरी हो, ऐसे में हमें अलर्ट रहना होगा। यह समय घबराने का नहीं, सतर्क और सावधान रहने का है। कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना होगा। सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक करें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम को एक्टिव करें। कोविड के नए वैरिएंट पर सतत नजर रखी जाए। जो भी नए केस मिले, उनकी जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। दैनिक टेस्टिंग को बढ़ाया जाए। गंभीर, असाध्य रोग से ग्रस्त लोगों, बुज़ुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी होगी।

# नवसृजित मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति के पद पर कौशलेश सिंह ने किया पदभार ग्रहण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** भारतीय रेल पर चल रही परियोजनाओं को गति प्रदान हेतु गतिशक्ति परियोजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल पर नई



मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) पर श्री कौशलेश सिंह

गति शक्ति यूनिट का सृजन किया गया है।इसी क्रम में वाराणसी मंडल में नवसृजित पद मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)पर कौशलेश सिंह ने का पदभार ग्रहण कर लिया है।इसके पूर्व आप सेंट्रल रेलवे(मुंबई) के मुख्यालय में उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कर्षण) के पद पर कार्यरत थे। कौशलेश सिंह भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक (ऑनर्स) की उपाधि प्राप्त करने के पश्चात 2001 बैच में इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के अधिकारी के रूप में रेल सेवा में आए। आप ने घ्ण्ध्इ मलेशिया एवं र्घ्ट्टि- सिंगापुर से एडवांस मैनेजमेंट कोर्स के अंतर्गत विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। कौशलेश सिंह का मरम्मत एवं विद्युतीकरण के क्षेत्र में लम्बा अनुभव रहा है। उन्होंने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं मध्य रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों के दायित्वों का कुशलता से निर्वहन किया है। आप की पहली नियुक्ति सहायक मंडल इंजीनियर (कर्षण) के पद पर सेंट्रल रेलवे, मुंबई में हुईं थी। तदुपरांत आप मध्य रेलवे के उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कर्षण वितरण) के पद पर कार्यरत थे। इस पद पर कार्यरत रहने के दौरान उन्होंने मध्य रेलवे में विद्युत ट्रेनों के परिचालन के लिए बिजली को पॉवर एक्सचेंज के माध्यम से सस्ती दरों पर खरीदने की प्रक्रिया की शुरुआत करायी थी कौशलेश सिंह मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) को विद्युतिकृत क्षेत्र में तीव्रगामी रेल संचलन,विद्युत वितरण प्रबंधन एवं विद्युत संसाधन प्रबन्धन का गहन अनुभव प्राप्त है।आप अधिकारियों एवं कर्मचारियों में समान रूप से लोकप्रिय हैं।इस आशय की जानकारी अशोक कुमार जनसम्पर्क अधिकारी वाराणसी ने दी।

# पूर्वोत्तर रेलवे ने क्रिकेट टीम मैनेजर को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय के कुशल निर्देशन में पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के क्रीड़ा स्थल में चल रही अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को विद्युत टीआरडी व इंजीनियरिंग विभाग के बीच मैच खेला गया। और दो छक्कों की मदद से 33 रन और अजीत ने 19 रन बनाए अतिरिक्त रनों की संख्या 22 थी । विद्युत टीआरडी की तरफ से वरुण राय ने 4 ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट लिए और भानु को एक विकेट प्राप्त हुआ । 139 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए विद्युत टीआरडी की टीम ने 16 गेंद पर 1चौके और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाए । 27 गेंद पर 50 रन की पारी खेलकर मैच जिताने वाले और 1 विकेट लेने वाले विद्युत टीआरडी विभाग के भानु को पूर्वोत्तर रेलवे के भूतपूर्व टीम मैनेजर मो इकबाल आजम खान के द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया




इंजीनियरिंग विभाग की टीम पहले बैटिंग करते हुए 19.1 ओवर में 138 रन बनाकर आल आउट हो गई। इंजीनियरिंग विभाग की तरफ से सचिन ने 17 बॉल पर 3 चौकों और दो छक्कों की मदद से 33 रन, अभिषेक ने 26 बॉल पर 3 चौकों 18.4 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाकर 4 विकेट से मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया । विद्युत टीआरडी की तरफ से भानु ने 27 बॉल पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 50 रनों की शानदार पारी खेली और वरुण ने गया। इस दौरान पूर्वोत्तर रेलवे मण्डल रेल प्रबंधक वाराणसी के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने मीडिया को बताया कि इस श्रिंखला में कल का मैच कार्मिक विभाग और विद्युत(सामान्य) के बीच खेला जाएगा।

# सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट बुधवार को विचार करने पर सहमत हो गया है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**लखनऊ।** अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण के बिना शहरी स्थानीय निकाय चुनाव कराने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट बुधवार को विचार करने पर ओबीसी आरक्षण के बिना चुनाव कराने का आदेश देने के एक दिन बाद आयोग का गठन किया गया। राज्य सरकार के आदेशानुसार, पैनल की अध्यक्षता न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राम अवतार सिंह करेंगे। चार अन्य सदस्य सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक



सहमत हो गया है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस मामले का उल्लेख किया और यूपी सरकार की विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) को तत्काल सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। इसके बाद सीजेआई ने याचिका पर बुधवार को विचार करने का निर्णय लिया। हालांकि मेहता ने अदालत से मामले की सुनवाई मंगलवार को करने का आग्रह किया था।पिछले हफ्ते उत्तर प्रदेश सरकार ने शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण प्रदान करने के लिए पांच सदस्यीय आयोग का गठन किया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के शहरी स्थानीय निकाय चुनावों पर राज्य सरकार की मसौदा अधिसूचना को रद्द करने और सेवा के अधिकारी चौब सिंह वर्मा और महेंद्र कुमार एवम राज्य के पूर्व कानूनी सलाहकार संतोष कुमार विश्वकर्मा और ब्रजेश कुमार सोनी हैं।शहरी विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि आयोग का कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने के दिन से छह महीने के लिए होगा। मालूम हो कि हाईकोर्ट का आदेश सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित ट्रिपल टेस्ट फॉर्मूले का पालन किए बिना ओबीसी आरक्षण के मसौदे की तैयारी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आया था। फैसले के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोर देकर कहा था कि शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव ओबीसी आरक्षण के बिना नहीं होंगे।

# ठंड में नगर पंचायत के द्वारा अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सिकंदरपुर, बलिया।** पिछले 4 दिनों से लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड में नगर पंचायत के द्वारा अभी तक अलाव बस स्टेशन चौराहा अस्पताल परिसर, जलालीपुर चौराहा, बाजार चौक सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई



की व्यवस्था नहीं की गई है। वैसे नगर पंचायत के द्वारा केवल कागजों में अलाव की व्यवस्था की गई है। वहीं नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सीमा राय ने बताया कि नगर पंचायत में 16 जगहों पर अलाव जलाए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उल्टा है। अभी तक है। स्थानीय लोग किसी तरीके से अपनी तरफ से व्यवस्था करके अलाव जला रहे हैं और अपने आप को गर्म करते नजर आ रहे हैं। वहीं लोगों का कहना है कि वे अपने घरों से लकड़ी, कपड़ा, कार्टून कागज आदि निकालकर जलाकर अलाव ताप रहे हैं।

100% Placement

सीधे प्रवेश


15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।





- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर





Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0

8081180306 , 9415608710 , 8103021873

➪ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

## सम्पादकीय

# कठिन दौर में कैसा हो आगामी बजट, वैश्विक और घरेलू परिस्थितियों पर एक साथ देना होगा ध्यान

अगले महीने देश का आम बजट पेश होने जा रहा है। यूं तो बजट को संतुलन साधने की कवायद ही कहा जाता है, लेकिन इस बार सरकार के समक्ष यह चुनौती और बड़ी होने जा रही है। जहां वैश्विक अस्थिरता से अर्थव्यवस्था की सेहत पर असर पड़ रहा है, वहीं अगले साल सरकार को चुनावी परीक्षा में भी उतरना है। ऐसे में बजट में कुछ ऐसी लचीली रणनीति अपनानी होगी, जिसमें राजकोषीय तस्वीर भी न बिगड़े और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को निरंतर गति मिलती रहे। इसमें कोई संदेह नहीं कि वैश्विक परिस्थितियों ने इस समय तमाम गणित बिगाड़ दिए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध से कई देशों में महंगाई बेलगाम हो गई है। इससे मांग पर असर पड़ा है और वैश्विक मंदी की आशंका गहराने लगी है। इसे लेकर भी कुछ नहीं कहा जा सकता कि इन आकार लेती परिस्थितियों से निपटने के लिए पश्चिमी देशों के केंद्रीय बैंक किस रणनीति का अनुसरण करते हैं। वहीं कोविड को लेकर नई आशंकाओं ने भी चिंता बढ़ाई है। इन पहलुओं को देखते हुए हमारे आर्थिक नीति-नियंताओं को बजट को अंतिम रूप देते समय बहुत मशक्कत करनी होगी। वैश्विक रुझान इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरें बढ़ाने का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। भारत में भी रिजर्व बैंक ने मई से जो दरें बढ़ानी शुरू की हैं, उसका असर अगले वित्त वर्ष की वृद्धि पर देखने को मिल सकता है। चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की नामिनल वृद्धि 15 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो अगले वित्त वर्ष में घटकर 10.5 प्रतिशत से 11 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। इसका अर्थ होगा कि राजस्व वृद्धि में भी कुछ सुस्ती आएगी, जिससे खुले हाथ से खर्च के लिए गुंजाइश भी घट जाएगी। इसलिए सरकार को सोच-समझकर कदम आगे बढ़ाने होंगे। सरकार आवश्यक खर्चों और सब्सिडी से मुंह नहीं फेर सकती। असल में संवेदनशील वर्गों के लिए ऐसा संरक्षण आवश्यक है। इसीलिए सरकार खाद्य सब्सिडी पर खर्च को निरंतर जारी रखे हुए है। जहां तक उर्वरक और ईंधन सब्सिडी का प्रश्न है तो यह अंतरराष्ट्रीय कारकों पर निर्भर करेगा। हाल-फिलहाल इनकी अंतरराष्ट्रीय कीमतों में अपने चरम से कुछ नरमी आई है, जो सरकार के लिए राहत की बात है, लेकिन यदि यह रुझान बदला तो सरकार का हिसाब बिगड़ेगा। ऐसे में, यही संभावना अधिक है कि बजट में सरकार इन सब्सिडी को लेकर यथास्थिति कायम रखेगी। बजट में सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता ऐसे परिवेश को प्रोत्साहन देने की होनी चाहिए, जिसमें उपभोग के बजाय निवेश और क्षमता निर्माण को गति मिले। यदि उपभोग पर अधिक ध्यान केंद्रित हुआ तो महंगाई के विरुद्ध रिजर्व बैंक की मुहिम निस्तेज पड़ेगी। यह मोर्चा इसलिए भी मुश्किल है, क्योंकि वैश्विक मांग सुस्त होने की स्थिति में घरेलू मांग का ही अधिक सहारा रह जाता है। ऐसे में सरकार को ऐसे प्रयास करने होंगे कि महंगाई पर दबाव बढ़ाए बिना ही इस राह पर गाड़ी आगे बढ़ जाए। करदाताओं की ओर से करों में राहत दिए जाने का दबाव होगा, लेकिन इस मांग की पूर्ति के लिए भी सरकार के पास गुंजाइश नहीं है। इसके बजाय सरकार को क्षमता विस्तार से जुड़े निवेश पर फोकस करना होगा। इसके अलावा उत्पादन आधारित प्रोत्साहन यानी पीएलआइ जैसी योजनाओं का दायरा बढ़ाना होगा। जलवायु परिवर्तन इस समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। इसके चलते प्रतिकूल मौसम परिस्थितियां फसल चौपट करने से लेकर सामान्य गतिविधियों को प्रभावित कर उत्पादकता को घटाती हैं। यह बिल्कुल सही समय है कि सरकार इस ओर ध्यान दे। बड़ी कंपनियों के पास तो हरित तकनीक की ओर कूच करने के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, लेकिन आम तौर पर छोटे उद्यमों के पास उनका अभाव है। उन्हें हरित ऊर्जा की ओर उन्मुख करने के लिए सरकार को ही आगे आना होगा। इस मामले में जितना विलंब होगा, उतना ही दूरगामी नुकसान होता रहेगा। असल में, जलवायु परिवर्तन से जुड़े उपायों पर खर्च बढ़ाने से किसानों सहित तमाम अंशभागियों को लाभ पहुंचेगा। इसके साथ ही कृषि जैसे क्षेत्र से जुड़ी अवसंरचना और अन्य सहयोगी पहलुओं पर ध्यान देना होगा। इसे समझने के लिए इस वर्ष प्याज की कीमतों के रुझान की चर्चा उपयोगी होगी। इस वर्ष प्याज उत्पादन वाले कई प्रमुख इलाकों में वर्षा की वजह से फसल को नुकसान हुआ, लेकिन प्याज के दाम बहुत ज्यादा नहीं बढ़े। ऐसा इसलिए, क्योंकि सरकार ने भंडार में संग्रहित प्याज को आपूर्ति के लिए खोल दिया। इसलिए विशेषकर कृषि जैसे उत्पादों के लिए आवश्यक इकोसिस्टम बनाने के लिए बजट में विशेष प्रविधान किए जाएं, ताकि उत्पाद बिल्कुल भी बर्बाद न हो और उनकी निरंतर आपूर्ति से कीमतें भी स्थिर रहें। मोदी सरकार का अभी तक का रिकार्ड यही कहता है कि वह बजट में भारी लोकलुभावन घोषणाओं से बचती आई है और उसे देखते हुए इस बार भी यही लगता है कि बजट में राजनीति पर अर्थनीति को ही वरीयता मिलेगी। यह समय की मांग भी है, क्योंकि वैश्विक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं, जिससे भारत पर भी दबाव बढ़ा है। ऐसी स्थिति में भी सरकार यदि राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 6.4 प्रतिशत के दायरे में रखने में सफल रहती है तो यह प्रशंसनीय होगा। मौजूदा स्थिति में चालू वित्त वर्ष में भारत की सात प्रतिशत की वृद्धि दर बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे बेहतर होगी और अगले अत्यंत चुनौतीपूर्ण वर्ष में उसके छह प्रतिशत रहने का अनुमान भी हालात के हिसाब से बुरा नहीं कहा जाएगा।

# माघ मेला 2023 के प्रथम स्नान पर नो एंट्री रहेगी

1. अन्तर्जनपदीय डायवर्जनः- भारी कामर्शियल वाहनों का अन्तर्जनपदीय डायवर्जन दिनांक 4/5.01.2022 को रात्रि 12.00 बजे से दिनाँक 07.01.2022 को 12.00 बजे रात्रि तक प्रभावी रहेगा। 2. जनपद सीमा के अन्दर नो इन्ट्री निम्न जनपदीय नो इन्ट्री प्वाइंटों से भारी / कामर्शियल वाहनों को शहर क्षेत्र की ओर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा जो दिनाँक 4/5.01.2022 को रात्रि 12.00 बजे नो इन्ट्री प्वाइन्ट रामपुर चौराहा-थाना औद्योगिक क्षेत्र नो इन्ट्री प्रवाइंट सोरांव बाई पास थाना सोरांव 10 नो इन्ट्री प्वाइन्ट पूरपुर थाना गेट थाना घूरपुर 1. रीवा मार्ग की ओर से जनपद प्रयागराज आने वाले भारी कामर्शियल वाहनों/ ट्रकों को थाना घूरपुर, गौहनिया से प्रतिबन्धित किया जायेगा। 2. मिर्जापुर मार्ग की ओर से जनपद प्रयागराज आने वाले भारी कामर्शियल वाहनों ट्रकों को रामपुर बाईपास थाना सोरांव क्षेत्रान्तर्गत से प्रतिबन्धित किया जाएगा। 6. लखनऊ मार्ग की ओर से जनपद प्रयागराज आने वाले भारी कामर्शियल वाहनों ट्रकों को नवाबगंज बाईपास थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत से प्रतिबन्धित किया जायेगा। विभिन्न मार्गों से मेला क्षेत्र में कल्पवासियों के वाहनों के प्रवेश हेतु निर्धारित मार्गः- 1. शहर क्षेत्र की तरफ से आने वाले कल्पवासी के वाहन जी0टी0 जवाहर चौराहा से मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों हेतु पार्किंग व्यवस्था- 1. मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के वाहनों का पार्किंग प्लान मेला में आने वाले श्रद्धालु अपने वाहन माघ मेला क्षेत्र में बने पार्किंग स्थल प्लाट न0-17, काली सड़क पर यातायात पुलिस लाइन के सामने व बगल में बनी पार्किंग, पाण्टून पुल वर्कशाप एवं गल्ला मण्डी दारागंज में पार्क कराया जाएगा। 2मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक होने पर





से दिनांक 07.01.2022 को 12.00 बजे रात्रि तक प्रभावी रहेगा। उक्त नो इन्ट्री वाहन पास वाले वाहनों पर भी लागू रहेगा। नो इन्ट्री प्वाइंट 1 नो इन्ट्री प्वाइन्ट पुलिस चौकी बम्हरौली थाना धूमनगंज नो इण्ट्री प्वाइंट 2 नोइन्ट्री प्वाइन्ट टी0पी0 नगर तिराहा थाना धूमनगंज । नो इन्ट्री प्वाइन्ट नवाबगंज बाईपास थाना नवाबगंज नो इन्ट्री प्वाइन्ट फाफामऊ थाना फाफामऊ 3 नो इन्ट्री प्वाइन्ट सहसों चौराहा थाना सरायइनायत इन्ट्री प्वाइन्ट हा मोड़ थाना सरायइनायत । नो इन्ट्री प्वाइन्ट 40 नम्बर गुमटी थाना थरवई तिराहा थाना औद्योगिक क्षेत्र क्षेत्रान्तर्गत से प्रतिबन्धित किया जायेगा। 3. वाराणसी मार्ग की ओर से जनपद प्रयागराज आने वाले भारी कामर्शियल वाहन ट्रकों को हबसा तिराहा थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत से प्रतिबन्धित किया जाएगा। 4. जौनपुर मार्ग की ओर से जनपद प्रयागराज आने वाले भारी कामर्शियल वाहनों/ ट्रकों को सहसों तिराहा थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत से प्रतिबन्धित किया जाएगा। 5. प्रतापगढ़ मार्ग की ओर से आने वाले भारी कामर्शियल वाहनों/ ट्रकों को सोरांव ओल्ड जी0टी0 दारागंज गंगा भवन तिराहा से बायें मुड़ पाण्टून पुल नं0-05 से कल्पवासी क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। 2. अंदावा, झूसी क्षेत्र की तरफ से आने वाले कल्पवासी / वाहन टीकरमाफी त्रिवेणी मार्ग से संगम लोअर मार्ग होते हुए कल्पवासी क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। 3. नैनी क्षेत्र की तरफ से आने वाले कल्पवासी/ वाहन बांगड़ धर्मशाला से फ्लाई ओवर से पटेल संस्थान शास्त्री ब्रिज झुंसी जिराफ चौराहा से दाहिने मुड़कर टीकरमाफी त्रिवेणी मार्ग से संगम लोअर मार्ग होते हुए कल्पवासी क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। पार्किंग प्लान- (क). मिर्जापुर रीवा की ओर से आने वाले वाहनों को लेप्रोसी चौराहा के बगल में नवप्रयागम पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। (ख) जौनपुर वाराणसी की ओर से आने वाले वाहनों को कटका तिराहा से डायवर्ट कर कछार पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। (ग) कानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को सीएमपी डिग्री कालेज, केपी इन्टर कालेज, पार्किंग में पार्क कराया जाएगा। (घ) लखनऊ व प्रतापगढ़ की ओर से आने वाले वाहनों को कर्नलगंज इण्टर कालेज व बक्शीबांध कछार पार्किंग में पार्क कराया जायेगा।

# नौ राज्यों के नतीजों का इंतजार विधानसभा चुनावों से तय नहीं होती लोकसभा की पृष्ठभूमि

नए वर्ष के आगमन के साथ ही राजनीतिक हलकों में इस वर्ष होने वाले नौ राज्यों के विधानसभा चुनावों की चर्चा शुरू हो चुकी है। चुनाव के संदर्भ में देखें तो फाइनल और सेमी फाइनल ऐसे शब्द हैं, जिनका इस्तेमाल टीवी चैनल अक्सर अपनी खबरों में करते हैं। उनकी नजर में हर विधानसभा चुनाव अगले आम चुनाव का सेमीफाइनल होता है। इसी तरह नगर निकाय और पंचायत के चुनाव विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल होते हैं। खेल के मैदान में तो फाइनल में वही टीम पहुंचती है, जो सेमीफाइनल की बाधा पार तो इन राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे लोकसभा की एक चौथाई से कुछ कम सीटों के रूझान साबित होंगे, लेकिन सवाल यह है कि क्या विधानसभा चुनाव सचमुच लोकसभा चुनाव के रूझान या पूर्व पीठिका होते हैं पिछली सदी के अस्सी-नब्बे के दशक में ऐसा होता भी रहा, लेकिन हाल के कुछ चुनावों से नजर आ रहा है कि विधानसभा चुनाव के नतीजों से आगामी लोकसभा चुनाव के भावी नतीजों का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के पिछले विधानसभा चुनाव और उसके ठीक



कर लेती है, लेकिन राजनीति का खेल इस मायने में अनूठा है। वहां बिना सेमीफाइनल खेले ही फाइनल मैच में राजनीति कूद सकती है। इसलिए राजनीति के चुनावी खेल के नतीजे अक्सर सेमीफाइनल से अलहदा होते हैं।इस साल जिन नौ राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं उनमें कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना जैसे बड़े राज्य हैं तो त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम और नगालैंड जैसे छोटे राज्य भी शामिल हैं। इन राज्यों से लोकसभा की कुल 116 सीटें आती हैं। अगर गणित के नजरिये से देखें अगले साल हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों से साफ है। जब नवंबर 2018 में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, तब राजनीतिक जानकारों का एक तबका यह मानने लगा था कि मोदी सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई, लेकिन अगले ही साल हुए आम चुनाव के नतीजे इसके ठीक उलट रहे। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से नौ पर भाजपा ने जीत हासिल की। इसी तरह राजस्थान की 25 में से 24 सीटों पर भाजपा कामयाब रही, एक सीट पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के खाते में गई।

# अतिक्रमण और अनियोजित विकास, शहरों के आवश्यक आधारभूत ढांचे के निर्माण में बाधक

एक आंकड़े के अनुसार देश में रेलवे की दो हजार एकड़ जमीन पर अतिक्रमण है। सबसे ज्यादा 375 एकड़ अतिक्रमण उत्तर रेलवे की जमीन पर है। अतिक्रमण का एक बड़ा कारण ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों की तरफ होने वाला पलायन है। इसके कारण देश के सभी हिस्सों में अनधिकृत बस्तियों का निर्माण हो रहा है। यह सिलसिला दशकों से चला आ रहा है। कभी-कभार अतिक्रमण हटाने के अलावा सरकारें भी अवैध निर्माण से अपनी आंखें बंद रखती हैं। कभी-कभी ऐसा लगता है कि अपने देश में सरकारी जमीनों पर कब्जे की खुली छूट मिली हुई है। किसी भी जमीन पर अतिक्रमण कोई पांच-सात गरीब परिवार मिलकर नहीं करते, बल्कि बहुत ही सुनियोजित ढंग से स्थानीय नेताओं और नगर निकायों के अधिकारी की मिलीभगत से जमीनों पर कब्जे कराए जाते हैं। इसमें हर दल का हाथ रहता है, क्योंकि उन्हें अवैध बस्तियों में वोट बैंक दिखता है। वोट बैंक की राजनीति के कारण ही ऐसी बस्तियां स्थायी होती जाती हैं। चूंकि अधिकतर वोट अनधिकृत कालोनियों से पड़ते हैं इसलिए उन्हें संरक्षण देने के लिए हर दल तैयार हो जाता है। वे इन कालोनियों में रहने वालों को यह आश्वासन देते रहते हैं कि तुम्हारा कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। ऐसा ही होता है। इन कालोनियों का विस्तार होने के साथ ही उन्हें हटाना कठिन हो जाता है। बाद में जब सरकार पाती है कि उन्हें हटाना नामुमकिन है तो वह उन्हें अधिकृत कर देती है। दिल्ली तक में ऐसा किया और बुनियादी ढांचे के अभाव से जूझती ही रहती हैं। अनधिकृत कालोनियों में होने वाला अधिकतर निर्माण घटिया स्तर का होता है। इन कालोनियों में स्वास्थ्य के अनुकूल नहीं रहता। हालांकि इन कालोनियों में रहने वाले अधिकांश लोग नागरिक सुविधाओं की स्थिति से नाखुश रहते हैं, पर बनती है, लेकिन कई बार वह शहरीकरण के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचे के निर्माण में भी बाधक बन जाती है। हल्द्वानी का



जाता है। अनधिकृत से अधिकृत की गईं कालोनियों में थोड़ा-बहुत बुनियादी ढांचा तैयार किया जाता है, लेकिन आम तौर पर वे नागरिक सुविधाओं आबादी का घनत्व बहुत अधिक होने के कारण वहां ढंग से न तो विकास के काम हो पाते हैं और न ही साफ-सफाई। इसी कारण वहां का परिवेश जब उन्हें कहीं आवास के लिए स्थान दिया जाता है तो वे वहां जाने से कतराते हैं। वैसे तो हर अनधिकृत कालोनी शहरी विकास के लिए समस्या मामला कुछ ऐसा ही है। अतिक्रमण के कारण रेलवे अपना विस्तार नहीं कर पा रहा है। देश के अधिकतर नगर निकायों में जो लोग चुनकर आते हैं, वे शहरीकरण के मानकों के प्रति अनभिज्ञ ही होते हैं। उनकी पूरी राजनीति सिर्फ अनधिकृत कालोनियों में रहने वालों को संरक्षण देने और उनके वोट हासिल करने पर केंद्रित रहती है। इसी कारण नगर निकाय सुशासन की दृष्टि से दिन पर दिन कमजोर होते जा रहे हैं। अधिकांश शहरों में नगर निकाय पूरा गृह कर वसूलने में भी नाकाम हैं और वह भी तब जब वह कहीं अधिक कम है। पंचायतें और नगर निकाय लोकतंत्र की एक मजबूत कड़ी हैं, लेकिन उनका गठन और संचालन उस तरह नहीं होता, जैसे होना चाहिए। ऐसा शायद इसलिए होता है, क्योंकि संविधान निर्माताओं ने जनता को लोकतंत्र का बुनियादी पाठ पढ़ाने वाली इन इकाइयों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। जब तक इन दोनों इकाइयों को कार्यकुशल और जवाबदेह नहीं बनाया जाता, तब तक न तो गांवों की दशा सुधरने वाली है और न ही शहरों की, क्योंकि उनके अधिकांश कर्मचारी अकुशलता और भ्रष्टाचार से ग्रस्त रहते हैं। इसी कारण जनता के लिए बनाई जाने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरह नहीं होता। उचित यह होगा कि पंचायतों और नगर निकायों के प्रतिनिधियों के चयन की प्रक्रिया के साथ उनके काम करने के तरीकों में बदलाव किए जाएं। हमें यह सपना खूब दिखाया जाता है कि भारत जल्द विकसित देश बनेगा।

# बहुत कुछ अच्छा भी हो रहा विश्व में, वैश्विक मानवीय संकट पर ध्यान देने की जरूरत

नुकसान और निराशा के बीच काफी कुछ हुआ है। आपके सोच के विपरीत हमारी धरती बेहतर स्थिति में हो सकती है। निराशाजनक खबरों को लेकर इंसान काफी हद तक पूर्वाग्रह से भरा होता है। हम पत्रकार भी कम नहीं हैं। हम विमान हादसों को रिपोर्ट करते हैं, लेकिन उनके बारे में नहीं जो हर रोज सफलतापूर्वक विमान लैंड कराते हैं। हम आपदाओं, असफलताओं, खतरों और मौतों की जानकारी देते हैं। गुजरे साल हम इन्हीं सब खबरों में व्यस्त रहे। लगातार निराशाजनक खबरें हमें पंगु बना सकती हैं। इसलिए यहां पर मेरी कोशिश इन्हीं पूर्वाग्रहों को दूर करने की है। महामारी से पहले, मैंने एक स्तंभ लिखा था, जिसमें तर्क दिया गया था कि मानव इतिहास के लिए पिछला वर्ष सबसे अच्छा था। मैं इस साल ऐसा नहीं कह सकता, लेकिन मैं यह सुझाव जरूर दे सकता हूं कि इस दौरान काफी कुछ अच्छा हो रहा है। धरती पर रहने का यह सबसे अच्छा समय हो सकता है। 2022 विशेष रूप से तकनीकी प्रगति में उत्कृष्ट रहा। अगले पांच वर्षों में दुनिया भर में सौर ऊर्जा क्षमता तीन गुना होने की उम्मीद है और यह पूरी दुनिया में बिजली के प्रमुख स्रोत के रूप में कोयले से आगे निकल जाएगी। तकनीकी सुधार लगातार हो रहे हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी के शोधकर्ताओं ने पतले और लचीले सौर पैनल बनाने का एक तरीका विकसित किया है, जो लगभग किसी भी बाहरी सतह को बिजली के स्रोत में बदल सकता है। उम्दा गुणवत्ता वाली बैटरियों के निर्माण में भी उल्लेखनीय सफलता मिली है। यह तकनीक की सबसे रोमांचक सीमाओं में से एक है, जो ग्रीन एनर्जी के भंडारण के लिए उल्लेखनीय प्रगति को महत्वपूर्ण बनाती है। इसी तरह 2022 ऊर्जा स्रोत के रूप में परमाणु संलयन या न्यूक्लियर फ्यूजन एक मील का पत्थर साबित हुआ। ग्रीन हाइड्रोजन भी धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है और यह ऊर्जा भंडारण के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। इस वजह से हम नवीकरणीय ऊर्जा क्रांति के उस दौर में हैं जहां जल्द ही हमारी स्थिति कुछ बेहतर हो सकती है। यदि सब कुछ सही रहा तो हम पहले से कहीं अधिक सस्ती, अधिक विश्वसनीय और अधिक पोर्टेबल बिजली का लाभ उठाने के योग्य भी हो जाएंगे। असल में सस्ती ऊर्जा, फिर चाहे वह सौर से मिल रही हो या परमाणु संलयन से हो, परिवर्तनकारी हो सकती है। उदाहरण के लिए यह ताजा पानी प्रदान करने के लिए डिसेलाइनेशन प्लांट चला सकती है, जिसे हम खत्म करते जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसमें जो नया है वह यह कि हम आपदाओं से बचाव में सक्षम हो सकते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में तकनीक काफी आगे निकल आई है। वैज्ञानिक मलेरिया के टीकों पर महत्वपूर्ण प्रगति हासिल कर रहे हैं। यह दर्शाता है



कि टीका विकास के लिए यह एक स्वर्ण युग हो सकता है। कैंसर के खिलाफ इम्यूनोथेरेपी में भी काफी प्रगति हुई है। इन सभी की बदौलत मेरा एक दोस्त भी जीवित है। एक नई जीन-एडीटिंग तकनीक सिकल सेल एनीमिया को ठीक करने में सक्षम हो सकती है। बिल गेट्स ने अपने वार्षिक पत्र में बताया है कि यही दृष्टिकोण अंततः एचआईवी/एड्स के इलाज में कारगर साबित हो सकता है। हम चैट जीपीटी जो कि आपसी संवाद के लिए एक अनुकूल भाषा माडल है, समेत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में हुई प्रगति का उल्लेख नहीं कर रहे हैं। जी नहीं, यह स्तंभ चैट जीपीटी ने नहीं लिखा है। मौजूदा समय में निश्चित रूप से तकनीक केवल अनुसंधान प्रयोगशालाओं तक ही सीमित नहीं रही है, बल्कि हमारे व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बनाने की भी पूरी कोशिश हो रही है। नई स्टारलिंक इंटरनेट सेवा ग्रामीण अमेरिका को मजबूत बना रही है। इसकी ही मदद से मैं ओरेगन के अपने फार्महाउस से यह स्तंभ लिख रहा हूं। यह यूक्रेन के लिए एक बाजी पलटने वाली तकनीक रही है। इससे यूक्रेन के लोग रूसी आक्रमण का सटीक जवाब दे रहे हैं। मेरे जीवनकाल में सबसे जरूरी रही है वैश्विक गरीबी के खिलाफ ऐतिहासिक प्रगति। कोविड-19, जलवायु परिवर्तन और रूस-यूक्रेन युद्ध से प्रभावित वैश्विक खाद्य कीमतों ने गरीबी निवारण की रफ्तार धीमी जरूर की है, लेकिन वह पूरी अवरुद्ध नहीं हुई। एमआईटी प्रोफेसर और सबसे कम उम्र की नोबेल पुरस्कार जीतने वाली एस्थर डुफ्लो का कहना है कि महामारी में गिरावट कई क्षेत्रों में काफी अच्छी रही है। विश्व बैंक के शोधकर्ताओं का अनुमान है कि 2022 में अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या में मामूली गिरावट आई। हालांकि यह आंकड़ा महामारी से पूर्व की तुलना में अधिक है। यह लगभग 2018 की ही तरह है, लेकिन यह 2017 और पिछले वर्षों की तुलना में बहुत अच्छा है। शुरुआती अनुमानों के मुताबिक महामारी के दौरान वैश्विक बाल मृत्यु दर में गिरावट जारी रही। वर्ष 2000 के मुकाबले आज 5 वर्ष की आयु तक के एक बच्चे के मरने की आशंका लगभग आधी हो गई है। वैश्विक मानवीय संकट पर हमें काफी कुछ करने की जरूरत है। दुनिया भर के बच्चे कुपोषण से पीड़ित हैं। कम उम्र में जिन लड़कियों की शादी हो जाती है वे और विस्थापित बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक डेविड ब्यासली मानते हैं कि हालांकि दुनिया आपदाओं के एक तूफान का सामना कर रही है, फिर भी काला सागर के माध्यम से यूक्रेनी अनाज के निर्यात की अनुमति ने कम से कम कुछ समय के लिए दुनिया के सामने खाद्य संकट की समस्या को दूर करने का काम जरूर किया है। चर्चित वेबसाइट अवर वर्ल्ड डाटा के मैक्स रोजर के ये तीनों कथन सत्य हैं- दुनिया दयनीय दशा में है, दुनिया पहले से बेहतर है, दुनिया पहले से और बेहतर हो सकती है। जब मैंने ऊपर लिखा कि यह समय धरती पर रहने का सबसे अच्छा समय हो सकता है तो आप शायद चौंक गए होंगे, लेकिन क्या हम किसी ऐसे समय में जीना पसंद करेंगे जहां बच्चों के मरने की आशंका अधिक हो।

## संक्षिप्त समाचार

### झुग्गी बस्ती सेक्टर 78 नोएडा मे रितु सिन्हा,गंगेश्वर दत्त शर्मा ने जरुरतमंद लोगो को गर्म कपड़ों का किया वितरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** विसरख नोएडा गरीब जरुरतमंद लोगों की मदद के लिए दीदी की रसोई ट्रस्ट द्वारा चलाए जा रहे राहत अभियान के तहत आज दिनांकः 05- 01-2023 को फिर ट्रस्ट की अध्यक्षा व समाजसेविका रितु सिंहा, ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता गंगेश्वर दत्त शर्मा, ट्रस्ट की पदाधिकारी गुड़िया देवी ने झुग्गी बस्ती सेक्टर- 78, नोएडा पर गरीब जरुरतमंद लोगो को गर्म कपड़े, शॉल, चादर, स्वेटर आदि का




वितरण किया। सोशल एक्टिविस्ट्स गंगेश्वर दत्त शर्मा, रितु सिन्हा ने बताया कि बढ़ती सर्दी से बचाव के लिए दीदी की रसोई ट्रस्ट द्वारा लगातार गर्म कपड़े, कम्बल, साल, चादर आदि का वितरण किया जा रहा है और हमारा यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### ईपीसीएच-विल ने पश्मीना निर्यातकों को प्रमाणन सेवाएं प्रदान करने के लिए हाथ मिलाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** पश्मीना परीक्षण/प्रमाणन के लिए एक समर्पित सुविधा स्थापित करने और ईपीसीएच के सदस्यों को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुपालन को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए एक समयबद्ध तरीके से पश्मीना निर्यातकों को प्रामाणिक और मान्यता प्राप्त प्रमाणन सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद और भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ, ईपीसीएच के महानिदेशक श्री राकेश कुमार ने सूचित किया। भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून 1982 में स्थापित भारत सरकार का एक स्वायत्त संस्थान है।

# मैहर कुटाई पंचायत में मजदूरों के बजाय मशीन से द्वारा किया जा कार्य गरीबो के अधिकारों पर सरपंच सचिव डाल रहे डाँका

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** कुटाई ग्राम पंचायत में पंचायत भवन के पास नाली निर्माण की तैयारी जोरों पर लेकिन पंचायत अधिकारियों के अनुसार नाली निर्माण में पंचायत के ही रहने वाले मजदूरों से ही नाली की खोदाई का काम होना चाहिए लेकिन पंचायत के सरपंच विजय दुवेदी की दबंगई से जेसीबी से खोदाई कर





नाली निर्माण का कार्य सुरु है जबकि जानकारों से मिली जानकारी अनुसार पुरानी नाली थी जिसका निर्माण के लिए मजदूरों से काम कराना चाहिए लेकिन मनरेगा योजना अंतर्गत ऐसे में अगर जेसीबी से काम किया जा रहा है तो बिल भुगतान के लिए कौन से मजदूरों के नाम पर भुगतान किया जाएगा ये भी शायद भृष्टाचार की भेंट चढ़ेगा वैसे भी सरपंच विजय दुवेदी बड़े खिलाड़ी है मैहर नगर पालिका परिषद में काम कर के सारे दाव पेंच में माहिर विजय दुवेदी अब नगर पालिका के साथ साथ ग्राम पंचायत को भी भ्र्ष्टाचार की भेंट चढ़ाने में पीछे नही रहेंगे। सूत्रों की माने तो ग्राम पंचायत में नाली निर्माण ककरी में लगे जेसीबी भी विजय दुवेदी की ही है यानी ग्राम पंचायत के सारे काम जो शासन के नियमो के तहत नही अब विजय दुवेदी की बनाये नियमो के अनुसार चलेगा ऐसा महसूस होने लगा लोगो को भी वही स्थानीय लोगो ने दबे जुबान यह भी बताया कि नव निर्वाचित सरपंच की दबंगई के आगे गांव वालों की एक भी नही चलती अब भगवान मालिक है मैहर के ग्राम पंचायत कुटाई की।

# डॉ. रश्मि सिंह ने टॉवर लाइन से प्रभावित किसानों की माँग उनके प्रतिनिधिमण्डल के साथ कमलनाथ जी के समक्ष रखी


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष एवं निवर्तमान ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष डॉ.रश्मि सिंह ने टॉवर लाइन से




प्रभावित किसानों की माँग उनके प्रतिनिधिमण्डल अमित गौतम एवं उनकी टीम के साथ कमलनाथ जी के समक्ष रखी । देश एवं प्रदेश में पिछले दो दशकों में विद्युत लाइनों का जाल बिछाया जा चुका है जो प्रदेश तथा देश के विकास हेतु आवश्यक भी है लाइनों के निर्माण हेतु लाइनों के निर्माण में आने वाली लागत के अलावा प्रभावित किसानो की चल एवं अचल संपत्ति के होने वाले नुक़सान की भरपाई हेतु राशि पैकेज रहता है टावर लाइनों के निर्माण से प्रभावित किसानो की जमीने तथा परि सम्पत्तियां मूल्य हीन हो जाती है जिले में बनाई गई लाइनो के निर्माण के दौरान तथा बाद में प्रभावित किसानो द्वारा अपने नुक़सान की भरपाई हेतु आवेदन, ज्ञापन,आमरण अनशन, कलेक्टर न्यायालय में दावा तथा टावर में चढ़कर प्रदर्शन किए जा चुके है सन् 2015 में तत्कालीन कलेक्टर संतोष मिश्रा द्वारा 12 लाख प्रति टावर तथा तार का रू3000? प्रति मीटर निर्धारित किया गया था कुछ किसानो को भुगतान भी किया गया बाक़ी किसानो को अधिकार से वंचित रखा गया कुछ किसानो ने कलेक्टर न्यायालय में दावा भी किया वहां से आदेश भी हुआ तथा एक माह के अंदर भुगतान हेतु आदेशित किया गया परंतु जिला प्रशासन ने 6 माह तक परिपालन नहीं करवाया परेशान होकर किसान टावरों में चढ़कर प्रदर्शन के लिए मजबूर हो गए तथा निरंतर 2 माह से करीब 30किसान 70-80 फिट की ऊंचाई पर चढ़कर दिन रात धरना दे रहे हैं अधिकारों से वंचित किसानो की संख्या जिले में लगभग 5000 है डॉ रश्मि सिंह के साथ माननीय कमलनाथ जी से टावर पृभावित किसानो के प्रतिनिधिमंडल के किसानो के नाम अमित गौतम , गोपाल सिंह, मोहन स्वरूप दुबे , शिव पृसाद सिंह , भागीरथी द्विवेदी , सुनील पाल, राजा भैया पाल , सूर्य पृकाश तिवारी , अनूप द्विवेदी , पंकज कुशवाहा, शिवेंद्र सिंह, नंद कोल , वीरेंद्र पयासी, रमेश पयासी, भूरा ढीमर आदि प्रमुख रहें।

# रीवा ग्राम खौर की होनहार बेटी वर्षा कुशवाहा की आईएएस ट्रेनिंग हुई पूर्ण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**रीवा ।** रीवा के छोटे से गांव खबर की रहने वाली वर्षा कुशवाहा ने आईएएस की ट्रेनिंग पूर्ण करने के उपरांत देश की प्रथम नागरिक भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के समक्ष अपने ट्रेनिंग के दौरान प्राप्त अनुभव को साझा करती हुई । वर्षा कुशवाहा की इस सफलता से अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं।धन्य है उनके पिता राजेंद्र कुशवाहा माता सुमित्रा कुशवाहा जिन्होंने ऐसी कठिन परिस्थिति में किसी की परवाह ना करते हुए अपनी बेटी को इस ऊंचाई तक पहुंचाया इस कामयाबी को हासिल करने के बाद उनके घर में बधाई देने वालों का तांता लगा उनके श्रेष्ठ गुरुजनों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं।



# एक-एक पल दहशत में गुजर रहा है

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बाराबंकी।** अयोध्या-बाराबंकी बॉर्डर का रामसनेही घाट थाना क्षेत्र। यहां के 35 से ज्यादा गांवों की बुजुर्ग




महिलाओं ने शाम ढलते ही घर से निकलना बंद कर दिया है। उनका एक-एक पल दहशत में गुजर रहा है। इस खौफ की वजह है एक सीरियल किलर। एक ऐसा किलर जो सिर्फ बुजुर्ग महिलाओं को टारगेट करता है। उन्हें बेदर्दी से पीटता है। इसके बाद रेप करता है। फिर गला दबाकर मार डालता है।बीते दिसंबर महीने में किलर 3 महिलाओं की हत्या कर चुका है। एक महिला की रेप कर मारने की कोशिश भी कर चुका है। बाराबंकी, लखनऊ, अयोध्या और सुल्तानपुर पुलिस दिन-रात इस शातिर हत्यारे को तलाशने में लगी हुई है। पुलिस ने अपराधी की एक धुंधली फोटो के पोस्टर बनवा कर जगह-जगह चिपका दिए हैं। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम रख दिया है।

# जेडीयू के वरिष्ठ नेता मुखिया अरुण यादव भाजपा में हुए शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** जेडीयू के वरिष्ठ नेता मुखिया अरुण यादव अपने सैकड़ों समर्थक के साथ भाजपा में शामिल हुए मुखिया अरुण यादव जेडीयू उत्तर प्रदेश के महामंत्री और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी भी रह चुके है भाजपा उत्तर प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की मौजूदगी में इन नेताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की मुखिया अरुण यादव ने कहा कि वह पूरी लगन से उत्तर प्रदेश में भाजपा को मजबूत करने का काम करेंगे और भाजपा की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे और ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का भी काम करेंगे।



# मैहर देवरा में बड़े धूमधाम से मनाया गया नववर्ष मिलन समारोह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मैहर।** ग्राम पंचायत देवरा में विगत कई वर्षों से चले आ रहे कार्यक्रम नववर्ष का मिलन समारोह जोकि आज बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया है आर्केस्ट्रा एंड रंगारंग कार्यक्रम के विशाल भंडारा के साथ-साथ कार्यक्रम को सफल बनाया गया मैहर क्षेत्र की लगभग 30से40 गांव के आम जनमानस एकत्रित हुई कार्यक्रम



की अध्यक्षता कर रहे सत्यभान सिंह सांसद प्रतिनिधि के सुपुत्र कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीकांत चतुर्वेदी प्रदेश कार्यसमिति एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संध्या कुशवाहा जिला पंचायत सदस्य, कामता प्रसाद शुक्ला जनपद सदस्य, पूर्व जनपद सदस्य इंद्रमणि सिंह, आशा गिरधारी लाल कुशवाहा देवरा सरपंच, गणेश तिवारी, रणजीत सिंह मंडल उपाध्यक्ष एवं सभी ग्रामीणों के आम जनमानस उपस्थित रहे कार्यक्रम में बहुत बड़ा योगदान रहा देवरा पंचायत के ग्राम वासियों का कार्यक्रम का आयोजन करने का उद्देश्य कमेटी की टीम द्वारा बताया गया एक समय की बात है हमारे देवरा पंचायत को मैहर की लिस्ट से गायब कर दिया गया था जोकि हम कहीं भी गांव का नाम बताते थे दुर्भाग से कोई पहचानता नहीं था लेकिन जब से कार्यक्रम का संचालन किया गया है तब से कम से कम देवरा पंचायत की पहचान तो बन रहा है। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा प्रबोधन किया गया है कि अगर आप सब लोग सहयोग करेंगे तो हम इस पंचायत को और विकास की ओर बढ़ाएंगे इस पंचायत का विकास करने में अपना पूरा योगदान दूंगा। कार्यक्रम आयोजक छत्रपति शिवाजी विकास मंच देवरा के सदस्य आसाराम कुशवाहा, दिनेश यादव, बृजेश कुशवाहा, संजय कुशवाहा, अनुज कुशवाहा, अरविंद कुशवाहा, दिलीप कुशवाहा, राजा भैया सेन, राम जी साकेत, दिनेश कुशवाहा, प्रेमचंद कुशवाहा, विनोद कोल ,राजेंद्र कोल एवं समस्त टीम के मेंबर में दूरदराज से आए मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत और सम्मान किया।अंत में सभी श्रद्धालु हंसी-खुशी भंडारे का प्रसाद का आनंद लेते हुए अपने अपने घर को प्रस्थान किए।

# नये वोटर कार्ड बनवाने का लगा कैम्प

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नोएडा महानगर के द्वारा जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना जी के अध्यक्षता में ग्राम हरौला में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल में किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष महेश चंद्र के द्वारा वोट बनाने का कैंप लगाया गया जिसमें भारी संख्या में लोगों ने नए वोटर कार्ड बनाने के लिए फॉर्म भरे गए। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना जी ने कैंप में पहुंचकर लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में नए वोट बनवाने के लिए विशेष आग्रह किया। इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा के जिला कार्यालय प्रभारी अभय त्यागी, पंडित दीनदयाल मंडल के मंडल महामंत्री लीलू अवाना सहित अन्य मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# अंत्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 6 जनवरी से 16 जनवरी तक होगा नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** गरीब लाभार्थियों के आर्थिक बोझ को कम करने एवं राष्ट्रीय एकरूपता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एल वाई के निर्देशों के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एन0 एफ0 एस0 ए0 में अच्छादित अंत्योदय तथा पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को दिनांक 1 जनवरी 2023 से 1 वर्ष के लिए निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्राप्त निर्देशों के क्रम में अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को माह जनवरी 2023 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत माह नवंबर 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण दिनांक 6 जनवरी से 16 जनवरी 2023 के मध्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आवश्यक वस्तुओं का वितरण दिनांक 6 जनवरी 2023 से प्रारंभ होकर दिनांक 16 जनवरी 2023 तक संपन्न होगा। इस अवधि में अंत्योदय कार्ड धारकों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न(14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों से सम्बद्ध यूनिटों पर 5 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिटों (2 किग्रा0 गेहूं व 3 किग्रा0 चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जाएगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि वितरण की अंतिम तिथि 16 जनवरी 2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से निशुल्क वितरण संपन्न किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कोविड-19 से उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत खाद्यान्न का निर्बाध रूप से वितरण सुनिश्चित कराने के लिए उचित दर विक्रेताओं द्वारा वितरण के दौरान खाद्यान्न वितरण का कार्य प्रातः काल 6:00 से रात्रि 9:00 बजे तक सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने जन सामान्य एवं उचित दर विक्रेताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वितरण के दौरान उचित दर दुकानों पर भीड़ नहीं लगाएंगे एवं उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वितरण समाप्त होने तक अपनी उचित दर दुकान खुली रखेंगे एवं नोडल अधिकारी की उपस्थिति में वितरण करेंगे। यदि किसी विक्रेता की घटतौली की शिकायत एवं जांच व पुष्टि होने पर कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने समस्त राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सूची में सम्मिलित समस्त उप भोक्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि उनके द्वारा संबंधित उचित दर विक्रेताओं से अपनी-अपनी आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करें। यदि कोई उचित दर विक्रेता आवश्यक वस्तुएं नहीं देता है तब अपनी तहसील में संबंधित उप जिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक से शिकायत कर सकते है।

### गौतम बुद्ध नगर विकास समिति के सदस्यों ने नोएडा के विधायक पंकज सिंह से कि मुलाकात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर समिति की अध्यक्ष रश्मि पाण्डेय ने बताया की नोएडा, ग्रेटर नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट और गाजियाबाद समेत राज्य के तमाम जिलों में हाउसिंग सोसाइटीज हैं। जिनमें करोड़ों लोग निवास कर रहे हैं। इन लोगों को हाईराइज इमारतों में आवागमन करने के लिए लिफ्ट और एलिवेटर पर निर्भर रहना पड़ता है।

# शारीरिक, बौद्धिक, मानसिक भावनात्मक विकास होना जरूरी है जो केवल अध्यात्म से ही मुमकीन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** प्रेम, शांति व् एकता की आज विश्व को बहुत जरूरत है जिसको आध्यात्मिकता के द्वारा ही लाया जा सकता है, इस विषय पर मारवाह स्टूडियो में सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें सभी धर्मों के




धर्मगुरुओं ने अपने अपने विचार रखे जिसमे देश में एकता व् शांति को कैसे लाया जाए क्योंकि हर इंसान उस ईश्वर की संतान है और ईश्वर ने हमें पूरा शुद्ध जीवन दिया है किन्तु हम उसको कैसे जीते है यह हम पर निर्भर करता है। इस आयोजन की अध्यक्षता ग्लोबल योग एलायंस के अध्यक्ष डॉ गोपाल ने की", इसलिए पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारीगण आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए अभियान चलाकर जनपद की औद्योगिक इकाइयों एवं रेड लाइटों पर औचक निरीक्षण करते हुए बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति करवाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, ताकि अन्य लोगों को भी एक संदेश जा सके कि यदि भविष्य में उनके द्वारा भी बाल श्रम या भिक्षावृत्ति कराई जाती है तो उनके विरुद्ध भी इसी प्रकार से कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होने विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि उनके द्वारा जनपद में एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान को सफल बनाने के लिए स्कूल, कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थानों व औद्योगिक इकाईयों में जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करते हुये ज्यादा से ज्यादा लोगों का जागरूक करने की कार्यवाही की जायें एवं जनपद में एक युद्ध नशे के विरूद्ध अभियान को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जायें, ताकि युवाओं को नशे की ओर जाने से रोका जा सकें। मुख्य विकास अधिकारी तेजप्रताप मिश्र के द्वारा माननीय सदस्य को आश्वस्त किया गया कि आज समीक्षा बैठक के दौरान जो आपके दिशा निर्देश प्रदान हुए हैं उनका जिला प्रशासन के अधिकारियों के माध्यम से पालन सुनिश्चित कराते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की मंशा को मूर्त रूप प्रदान करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ के0सी0 बिरमानी, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह, औषधि निरीक्षक वैभव बब्बर तथा अन्य सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों एवं चाइल्ड लाइन के पदाधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुचाने के लिए अधिकारियों को दिये गये दिशा निर्देश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की मंशा के अनुरूप निराश्रित बालक- बालिकाओं के हित में उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थियों तक पहुचाने एवं बाल श्रम, बाल-विवाह, भिक्षावृत्ति व नशे पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से निरंतर स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में आज उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के माननीय सदस्य श्याम त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में सम्बन्धित विभागों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। उन्होंने सम्बन्धित विभागों की विभागवार समीक्षा करते हुये जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल कल्याण योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए प्रत्येक पात्र लाभार्थियों



तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा जनपद में चलाए जा रही सभी शराब की दुकानों के संचालकों को निर्देश प्रदान किए जाएं की 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को शराब का विक्रय ना किया जाए और समस्त दुकानों पर सीसीटीवी अवश्य लगाए जाने सुनिश्चित कराए जाएं। उन्होंने चाइल्ड लाइन के पदाधिकारियों का आह्वान करते हुए कहा कि उनके द्वारा पुलिस एवं प्रशासन से आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए अभियान चलाकर बाल श्रम, बाल विवाह, भिक्षा वृत्ति तथा नशे पर अंकुश लगाए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए एवं वर्तमान तक चाइल्ड लाइन के द्वारा किए गए कार्यों की माननीय सदस्य के द्वारा सराहना की गई। उन्होंने तंबाकू अभियान से संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर तंबाकू के सेवन से होने वाली हानियों को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए और अधिक से अधिक लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाली हानियों के संबंध में जागरूक बनाया जाए तथा औचक निरीक्षण करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी विद्यालय के आस पास कोई भी पान,बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू आदि की दुकान का संचालन नए हो। उन्होंने औषधि निरीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि उनके द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि जनपद के समस्त मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुये है और जिन मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे नही लगे है उन पर लगवाए जाना सुनिश्चित किया जायें। बैठक का सफल संचालन जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी के द्वारा किया गया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा निराश्रित बालक बालिकाओं के कल्याण के उद्देश्य से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, उनका व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए प्रत्येक पात्र बालक-बालिकाओं तक उनको पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि बाल श्रम, बाल विवाह, भिक्षावृत्ति तथा नशे को लेकर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी बहुत ही गंभीर है।

# श्रीलंका के खिलाफ सीरीज से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले हार्दिक

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से पहले कप्तान हार्दिक पांड्या आज मीडिया को संबोधित किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि टीम इंडिया विश्व कप पर पूरा ध्यान लगा रही है। बता दें कि, भारत-श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज का ऐसा नहीं कर सके, लेकिन हम इस साल भारतीय फैंस के लिए जीतना चाहेंगे। हार्दिक के बयान से यह स्पष्ट है कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को पूरी तरह नहीं छोड़ा है और भविष्य में सबसे लंबे फॉर्मेट में खेलते दिखाई दे सकते हैं।हार्दिक ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी को लेकर कहा, मुझे पहले पूरी तरह से व्हाइट में नहीं है, लेकिन मैं मेहनत में विश्वास रखता हूं। 2022 व्यक्तिगत रूप से मेरा सर्वश्रेष्ठ साल था। हम विश्व कप नहीं जीत पाए, लेकिन यह खेल का हिस्सा है। श्रीलंका के खिलाफ प्लेइंग इलेवन के बारे में हार्दिक ने कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि यह मैच के एक घंट पहले ही पता चलेगा



पहला मुकाबला 3 जनवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय टीम में सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।विश्व कप से जुड़े सवाल पर टी20 कप्तान ने कहा,अपने देश के लिए विश्व कप जीतना हमारा लक्ष्य है। दुर्भाग्य से हम 2022 में बॉल क्रिकेट में फिट होने दें। फिर मैं टेस्ट क्रिकेट के बारे में सोचूंगा। हार्दिक ने नए साल के संकल्प के बारे में कहा कि भारतीय टीम का संकल्प विश्व कप जीतना है हार्दिक पांड्या ने अपनी गेंदबाजी पर कहा, मैं केवल एक ही भाषा जानता हूं, वह है कड़ी मेहनत। चोट मेरे हाथ कि टीम में किसको मौका दिया गया है। गौरतलब है कि, हार्दिक पांड्या ने रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में टीम इंडिया की कमान संभाली है जो उंगली की चोट के कारण इस सीरीज से बाहर हैं। लेकिन वह श्रीलंका के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के दौरान टीम से जुड़ जाएंगे।

# 'ऋषभ पंत का एक्सीडेंट हो गया', फैंस के बताने पर ईशान किशन का रिएक्शन हुआ वायरल

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की हाल में कार लिए खेल रहे थे। वह प्रशंसकों के साथ बाउंड्री के पास सेल्फी ले रहे थे। इस समय एक फैंस ने उन्हें





दुर्घटना ने क्रिकेट फैंस को झकझोर कर रख दिया। 25 वर्षीय इस खिलाड़ी के जल्द स्वस्थ होने की हर तरफ प्रार्थानाएं होने लगी। भारतीय टीम के खिलाड़ी के साथ-साथ अन्य टीमों के खिलाड़ियों ने दुआ की एक तरफ जहां 28 दिसंबर की तड़के सोशल मीडिया पर दुर्घटना की खबर तेजी से फैली। वहीं, भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन को रणजी मैच के दौरान प्रशंसकों के माध्यम से ऋषभ पंत के कार एक्सीडेंट की खबर मिली। इसका एक वीडियो अब ट्विटर पर वायरल हो रहा है।किशन, रणजी ट्रॉफी मैच में सेना के खिलाफ कीनन स्टेडियम, जमशेदपुर में झारखंड के जानकारी दी कि ऋषभ पंत का कार एक्सीडेंट हो गया है। वह यह खबर सुनकर चौंक गए। उन्होंने फैंस के साथ सेल्फी ली और मैच में वापस चले गए। गौरतलब हो कि नए साल से पहले अपनी मां को सरप्राइज देने पंत दिल्ली से रुड़की जा रहे थे। शुक्रवार तड़के उनकी कार दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर एक डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में वह गंभीर रुप से घायल हो गए। क्रिकेटर को रुड़की के पास सक्षम अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में ले जाया गया। वहां से उन्हें मैक्स हॉस्पिटल में शिफ्ट कर दिया गया।

# ऋषभ पंत के एक्सीडेंट के बाद व टीम का अहम हिस्सा था बोले- हार्दिक पांड्या

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। श्रीलंका के खिलाफ भारत की आगामी सीरीज के पहले विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत भयानक कार दुर्घटना में घायल हो गए। ऋषभ को आगामी 2023 विश्व कप के लिए और साथ ही टी20 मैचों रिकवर करेंगे। हार्दिक ने कहा, जो हुआ वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। एक टीम के तौर पर हम उनके लिए दुआ करते हैं। हमारा प्यार और प्रार्थना हमेशा उनके साथ है और हमें उम्मीद है कि वह जल्द से जल्द ठीक हो जाएंगे। वह काफी महत्वपूर्ण था, जिस तरह का खिलाड़ी है उससे काफी फर्क पड़ता। अब वह नहीं हैं इसलिए हम देखेंगे कि भविष्य में हमारे लिए कौन बेहतर कर सकता है श्रीलंका के खिलाफ भारत तीन टी20 और इतने ही ध्रुग्ध् मैचों की सीरीज खेलेगा। पहला टी20 कल मुंबई में



के लिए भारतीय टीम का एक अभिन्न अंग माना गया था। टी20 कप्तान हार्दिक पांड्या ने भी इसका खुलासा किय श्रीलंका के खिलाफ टी20 मैचों में भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि टीम को उम्मीद है कि पंत तेजी से लेकिन हर कोई जानता है कि स्थिति क्या है।पंड्या ने साथ ही कहा कि पंत की गैरमौजूदगी में अन्य विकेटकीपर-बल्लेबाजों के लिए भारतीय टीम में अपनी पहचान बनाने का मौका हो सकती है। पांड्या ने कहा, बहुत से लोगों को अवसर मिल सकता है। अगर ऋषभ होता तो वह होगा। दूसरा टी20 गुरुवार को पुणे में खेला जाएगा, जबकि तीसरा मैच शनिवार को राजकोट में होगा। पंड्या टी20सीरीज में टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, वह नियमित कप्तान रोहित शर्मा की वापसी के साथ बाद की तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में उप-कप्तान होंगे।

## वानखेड़े में मिलेगा टी20 का फुल रोमांच या मौसम बनेगी विलेन

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। टीम इंडिया नए साल की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ टी20 मैच के साथ करेगी। यह मुकाबला मुंबई के ऐतिहासिक वानखेड़े मैदान पर खेला जाएगा। फैंस को उम्मीद है कि साल के इस पहले मुकाबले में मौसम किसी तरह की बाधा न बने और उन्हें एक फुल मैच देखने का मौका मिले। रोहित शर्मा, केएल राहुल और विराट कोहली की अनुपस्थिति में टीम इंडिया इस सीरीज में हार्दिक के नेतृत्व में उतरेगी और ईशान किशन और रुतुराज गायकवाड़ जैसे बल्लेबाजों के पास खुद को साबित करने का मौका होगा।मुंबई के मौसम की बात करें तो बारिश की संभावना न के बराबर है। मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार 3 जनवरी का तापमान 25-27 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।


# अपने ही नाम के मैदान पर मैच खेलेंगे अभिमन्यु, अपनों के खिलाफ उतरेंगे ईश्वरन


(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर अभिमन्यु ईश्वरन मंगलवार को अपने ही नाम के मैदान पर मैच खेलेंगे। अभिमन्यु बंगाल का प्रतिनिधित्व करते



हैं। हालांकि, अभिमन्यु क्रिकेट अकादमी के मैदान में वह अपने गृह राज्य उत्तराखंड की टीम के विरुद्ध ही खेलेंगे। इस मैदान पर उत्तराखंड और बंगाल के बीच रणजी ट्राफी का मुकाबला खेला जाएगा। अभिमन्यु के पिता आरपी ईश्वरन ने जागरण संवाददाता को बताया कि वैसे तो अभिमन्यु ने क्रिकेट का ककहरा अपने ही मैदान से सीखा है, लेकिन यह पहला मौका होगा, जब वह प्रथम श्रेणी का मैच इसी मैदान पर खेलेंगे। उन्होंने कहा कि 27 वर्षीय अभिमन्यु ने मात्र सात वर्ष की उम्र से क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। क्रिकेट के प्रति लगाव और जुनून को देखते हुए वर्ष 2006 में उनके नाम से क्रिकेट अकादमी बनाई थी। उन्होंने कहा कि वह काफी उत्साहित हैं। जिस दिन भारत के लिए अभिमन्यु खेलेगा, उस दिन ये खुशी दोगुनी हो जाएगी। अभिमन्यु ने पीटीआई से कहा, ऐसे मैदान पर रणजी मैच खेलना मेरे लिए गर्व का क्षण है, जहां मैंने बचपन में ही सारी क्रिकेट सीख ली है। यह उनके (पिता) प्यार और कड़ी मेहनत का नतीजा है और घर आना हमेशा एक शानदार अहसास होता है, लेकिन एक बार जब आप मैदान पर होते हैं, तो ध्यान बंगाल के लिए खेल जीतने पर होता है।पेशे से चार्टर्ड एकाउंटेंट आरपी ईश्वरन क्रिकेटर बनना चाहते थे लेकिन नहीं बन सके। उन्होंने अभिमन्यु को क्रिकेटर बनाने के लिए उसका साथ दिया। अभिमन्यु ने हाल के दिनों में भारत ए का नेतृत्व कर चुके हैं और वह बैकअप ओपनर के रूप में भारतीय टेस्ट टीम का भी हिस्सा रहे हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है। पीटीआई से बात करते हुए अभिमन्यु के पिता ने कहा,मैंने 2006 में स्टेडियम बनाना शुरू किया और मैं अभी भी इसे लगातार अपग्रेड करने के लिए कोशिश कर रहा हूं। कोई रिटर्न नहीं है, लेकिन यह खेल के लिए मेरे प्यार के बारे में है।

# राशिफल





**मेष-:** शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संयत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी। माता का सहयोग मिलेगा।

**वृष-:** आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के अवसर नजर आ रहे हैं। करोबार सुचारू रहेगा और सुधार होगा।

**मिथुन-:** नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

**कर्क-:** धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। संतान सुख मिलेगा।

**सिंह-:** सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में सुखद परिणाम मिलेंगे।

**कन्या-:** इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। काम जोश के साथ करेंगे।

**तुला-:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों की खरीददारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:** इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें। किसी पुराने दोस्त से संपर्क हो सकता है।


**धनु-:** नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**मकर-:** परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ-:** मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा। शत्रुओं पर विजय मिलेगी।

**मीन-:** पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे। शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों में रुचि रहेगी।






# श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 में इन 5 भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेंगी सभी की निगाहें

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। भारतीय टीम 3 जनवरी से तीन मैचों की टी20वर्ल्ड कप सीरीज के लिए श्रीलंका टीम से भिड़ेगी। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को भारतीय टीम की कमान सौंपी गई है। टी20 सीरीज के लिए टीम में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में हार्दिक, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव समेत 5 भारतीय खिलाड़ियों पर सबकी नजरें रहने वाली हैं। हार्दिक पांड्या के लिए साल 2022 शानदार रहा। बल्ले और गेंद दोनों के साथ अविश्वसनीय प्रदर्शन किया। हार्दिक ने अपनी कप्तानी में आईपीएल में पहला सीजन खेल रही गुजरात टाइटन्स को खिताब जिताया। इसके बाद आयरलैंड के खिलाफ कप्तानी की। हार्दिक को न्यूजीलैंड के खिलाफ भी भारतीय टी20 टीम की कप्तानी की और सीरीज जीती। ऐसे में सभी की निगाहें इस स्टार ऑलराउंडर पर होंगी। हार्दिक न केवल अच्छे प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगे बल्कि अपने को 2024 टी20 विश्व कप के लिए फ्यूचर कैप्टन के तौर पर भी स्थापित करने को देखेंगे। सूर्यकुमार ने साल 2022 में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए सबको हैरान कर दिया। टेस्ट नहीं खेलने के बावजूद सूर्या ने साल 2022 में भारत के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

# डेवोन कॉनवे के शतक के बाद सलमान नसीम के जरिए पाकिस्तान ने वापसी की

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। कराची में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच का वापसी कराई। न्यूजीलैंड के ओपरनों में टीम को ठोस शुरूआत दिलाई। मेहमान टीम ने पहले दो सत्र में एक मैच में शतक पूरा किया। वह 122 रन बनाकर आउट हुए। वहीं लैथम ने 71 रन की पारी खेली।इन दोनों के आउट होने के बाद पाकिस्तान के गेंदबाजों ने वापसी की। आगा सलमान ने अपने ऑफब्रेक से, जबकि नसीम शाह की रिवर्स स्विंग ने न्यूजीलैंड को परेशान कर दिया। एक समय बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही न्यूजीलैंड ने आखिरी सत्र के खेल में 45 रन पर पांच विकेट गंवाए। पिछले मैच में दोहरा शतक लगाने वाले विलियमसन इस बार कुछ खास नहीं कर पाए। 36 रन के निजी स्कोर पर नसीम ने उन्हें कैच आउट करवाय पाकिस्तान की तरफ से आगा सलमान ने तीन और नसीम शाह ने दो विकेट चटकाए। वहीं अबरार अहमद को एक विकेट मिला। पहले दिन के खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने 6 विकेट पर 309 रन बना लिए थे। टॉम ब्लंडेल 30 रन और ईश सोढ़ी 11 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों टीमें यह मैच जीतकर अपने हार का सिलसिला तोड़ना चाहेंगी।




पहला दिन समाप्ता हो गया। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 309 रन बनाए। कॉनवे और टॉम लाथम की शतकीय साझेदारी के बाद पाकिस्तान के गेंदबाजों ने टीम को विकेट के नुकसान पर 119 और 107 रन बनाए थे। पहला विकेट 134 के स्कोर पर गिरा। वहीं दूसरा 234 के स्कोर पर। पहले टेस्ट मैच में शतक से चूकने वाले डेवोन कॉनवे ने इस

# बीसीसीआई के 20 शॉर्टलिस्ट खिलाड़ियों में नहीं हैं ये पांच खिलाड़ी शिखर धवन और दीपक चहर का भी नाम हो सकता है शामिल

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। भारत में होने वाले वर्ल्ड कप 2023 के लिए बीसीसीआई ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हालांकि, बोर्ड ने खिलाड़ियों की अभी कोई सूची नहीं जारी की है। फिर भी इसको लेकर क्रिकेट जगत में एक बहस छिड़ गई है कि कुछ खिलाड़ी लिए घोषित टीम में धवन को जगह नहीं दी गई। 2022 की बात करें, तो कई मौकों पर धवन ने टीम इंडिया की कप्तानी भी की। लेकिन कुछ खास सिर्फ 189 रन बनाए हैं और वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए हैं। श्रीलंका के खिलाफ भारतीय टीम में नहीं शामिल किया है। पृथ्वी शॉ की



हैं। रविवार को बीसीसीआई ने टीम इंडिया की समीक्षा बैठक आयोजित की। इसमें कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ ने आगामी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए 20 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया है। संभावना जताई जा रही है इस लिस्ट में कुछ बड़े खिलाड़ियों को नहीं शामिल किया जा सकता है। इस लिस्ट में नहीं शामिल हो पाएंगे। आइए उन पांच खिलाड़ियों पर एक नजर डालते हैं, जिनकी संभावना सबसे कम मानी जा रही है। शिखर धवन की वापसी टीम में अब मुश्किल मानी जा रही है। धवन 37 साल के हो गए हैं। वह लंबे समय टी20 और टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के असर नहीं छोड़ पाए। साल 2022 में वनडे की 22 पारियों में 34 की औसत से 688 रन बनाए। इसमें 6 अर्धशतक शामिल है। पृथ्वी शॉ का अब तक का अंतरराष्ट्रीय करियर बहुत ही निराशाजनक रहा है, लेकिन शॉ के पास एक ऑल-फॉर्मेट स्टार बनने की प्रतिभा है। शॉ ने अब तक छह वनडे खेले हैं और 31.50 की औसत से तरह गायकवाड़ ने घरेलू क्रिकेट में मिली सफलता को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दोहराने के लिए संघर्ष किया है। वह आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए प्रमुख बल्लेबाज हैं, लेकिन भारत के लिए सिर्फ नौ टी20 मैच खेला है, जिसमें 123.85 की स्ट्राइक रेट से 135 रन बनाए हैं। इसके अलावा, उन्होंने अब तक सिर्फ एक वनडे खेला है। गायकवाड़ ने एक मैच में 42 गेंद में 19 रन बनाए तेज गेंदबाज 2021 के अंत तक यह माना जा रहा था कि दीपक चाहर टी20 विश्व कप में अहम भूमिका निभाएंगे। हालांकि, बार-बार होने वाली पीठ की चोट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से उनकी दूरी बन गई। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक का विकल्प भारत के पास है, हालांकि चाहर अभी भी टीम में अपनी जगह बना सकते हैं। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ मौका टीम में शामिल किया गया है मुंबई के तेज गेंदबाज ने बल्ले और गेंद दोनों से भारत के लिए कुछ आकर्षक पारियां खेली हैं। हालांकि, तथ्य यह है कि वह हार्दिक पांड्या जैसे ऑलराउंडर नहीं बन सके। पांड्या ने पिछले साल बल्ले और गेंद दोनों से फॉर्म में वापसी के साथ, खासकर टी20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया। गेंदबाजी में भी वह कुछ खास प्रभावित नहीं कर सके हैं, उन्हें उनकी बल्लेबाजी के चलते टीम में नहीं चुना जा सकता है।

